>

Title: Need to provide necessary assistance to tackle drought situation in Maharashtra particularly in Jalna parliamentary constituency in the State.

श्री दानवे रावसाहेब पाटील (जालना): महाराष्ट्र में सूखे की स्थिति है; इसके कारण चारा, पानी, अनाज की गंभीर स्थिति है।

सबसे गंभीर स्थिति मराठवाड़ा में है मेरा संसदीय क्षेत्र मराठवाड़ा में जालना-औरंगाबाद में आता है, जहां की भोकरदन, जाफराबाद, बदनापुर, जालना, अंबड़ और औरंगाबाद में पैठन, औरंगाबाद, फुलंब्री, सिल्लेड़, सोयगाँव, मंठा, परतूर और घनसावंगी में बहुत ही कम बारिश हुई है । महाराष्ट्र सरकार ने व हां सूखे की घोषणा कर दी है लेकिन स्थिति में कोई फर्क नहीं है ।

चारा छावनी खोली है लेकिन जो व्यक्ति छावनी में जानवर लायेगा उसे ही प्रति जानवर 60 रूपये छावनी पर मिलते हैं । मेरे क्षेत्र में 5 लाख में से केवल 3000 जानवर छावनी में है । हमारी मांग है कि छावनी पर नहीं दावनी पर यह अनुदान देना चहिए ।

इसलिए मेरा केंद्र सरकार से विनम्रतापूर्वक अनुरोध हे कि महाराष्ट्र राज्य में एवं विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र में सूखे से उत्पन्न विकट स्थिति से निपटने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जायें ।